भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 970
(जिसका उत्तर सोमवार, 29 जुलाई, 2024/7 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है)

सतत विकास रिपोर्ट, 2022 में भारत की रैंकिंग

970. श्री मुरसोली एस.:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वैश्विक सतत विकास रिपोर्ट, 2022 में भारत की रैंकिंग लगातार तीसरे वर्ष 163 देशों में से 121वें स्थान तक गिर गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या देश के पिछले केंद्रीय बजट दस्तावेजों में एसडीजी का उल्लेख नहीं किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या रिपोर्ट के अनुसार भारत को 17 एसडीजी में से 11 को हासिल करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अगले आठ वर्षों में सतत विकास पर वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी, वैश्विक सतत विकास रिपोर्ट (जीएसडीआर) देश-वार रैंकिग प्रदान नहीं करती है। संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित लाभ-निरपेक्ष संगठन, सस्टेनेबल डेवलपमेंट सोल्युशंस नेटवर्क (एसडीएसएन), द्वारा जारी सतत विकास रिपोर्ट एसडीजी के संबंध में देशों को वैशविक वार्षिक रैंकिंग प्रदान करती है। एसडीएसएन रिपोर्ट, 2022 के अनुसार, 60.3 के स्कोर के साथ 163 देशों में भारत की रैंक 121 थी। वर्ष 2024 में 64 के राष्ट्र स्कोर के साथ, भारत की रैंकिंग सुधरकर 167 देशों में 109 हो गई है।

(ग) और (घ): संबंधित मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं/केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं के तहत विशिष्ट योजनाओं के लिए बजट में आबंटन किया जाता है। इन योजनाओं का प्रभाव एसडीजी में निहित परिणामों पर पड़ता है।

(ङ): एसडीएसएन रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। हालांकि, अभी भी ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें संयत सुधारों के बावजूद विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। सरकार के लक्ष्य-वार मुख्य कार्यक्रमों/पहलों का विवरण नीति आयोग द्वारा प्रकाशित नवीनतम एसडीजी इंडिया इंडेक्स रिपोर्ट, 2023-24 में उल्लिखित है। इस रिपोर्ट को https://www.niti.gov.in/sites/default/files/2024-07/SDG_India_Index_2023-24.pdf पर देखा जा सकता है। इन कार्यक्रमों और योजनाओं का महत्वपूर्ण प्रभाव न केवल एसडीजी की प्रगति पर पड़ता है, बलकि ये विभिन्न अंतर-संबद्ध लक्ष्यों पर स्पिल-ओवर प्रभाव भी डालते हैं।

****